उत्तर उजाला

वर्ष 47 अंक 84 नैनीताल, सोमवार 12 फरवरी 2024 (संवत् 2080) पृष्ठ 10 डाक पंजी. सं. यू.ए./नैनीताल/26/2024-2026 मूल्य 3.00 रु.



अश्विन ने की जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा-7 रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल अंग्रेजी में भी रिलीज-8

तापमान	आज		कल संभावित	
शहर	अधि.	न्यू.	अधि.	न्यू.
दिल्ली	19	06	17	06
लखनऊ	22	08	22	08
नैनीताल	11	06	15	02
हल्द्वानी	23	09	23	09
देहरादून	19	07	19	05
बरेली	23	09	22	07

सोना (10 ग्राम)	चांदी (प्र. किग्रा.)
63,800	72,050

रुपये की विनिमय दर	
पाउण्ड	104.82
यूरो	89.52
डालर (यूएस)	83.02
स्विस फ्रेंक	94.87
एमीरट्स-दरहम	22.60

बनभूलपुरा हिंसा का मास्टरमाइंड मलिक गिरफ्तार

दिल्ली से गिरफ्तार कर पुलिस हल्द्वानी लायी, कड़ी पूछताछ जारी

- पैरामिलिट्री फोर्स की एक कंपनी पहुंची, चार के शीघ्र पहुंचने की उम्मीद
- अब तक 75 से अधिक उपद्रवी पुलिस हिरासत में, महिलाएं भी नामजद

हल्द्वानी। हल्द्वानी के बनभूलपुरा में मलिक के बगीचे में अवैध मदरसा व नमाज स्थल हटाने के दौरान बवाल, पथराव और आगजनी के मामले में पुलिस प्रशासन उपद्रवियों की धरपकड़ कर रहा है। सूत्रों के अनुसार बवाल कराने वाले मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। अब्दुल मलिक को हल्द्वानी लाने के बाद उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने फिलहाल अब्दुल मलिक को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी सार्वजनिक नहीं की है।

गौरतलब है कि अब तक पुलिस सपा नेता के भाई और दो निवर्तमान पार्षदों समेत 25 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस अलग-अलग क्षेत्र में दबिश देकर 75 से अधिक उपद्रवियों को हिरासत में ले चुकी है। उपद्रव में पुलिस ने महिलाओं को भी नामजद किया है। पहले उपद्रवियों ने महिलाओं को ही ढाल बनाया था। उन्हें आगे कर नारे लगवाए गए। महिलाएं धरने पर बैठी और फिर जब पथराव शुरू हुआ तो इसमें उन महिलाओं की भी भूमिका रही, जो नारे लगा रही थीं। इसीलिए पुलिस टीम इन्हें चिन्हित करने में लगी है। इस बवाल में उपद्रवियों ने 100 से अधिक वाहनों और बनभूलपुरा थाने को फूंक दिया था। वैध व अवैध असलहों से गोलियां बरसाई गई। संवेदनशील इलाके की चारों ओर से पैरामिलिट्री के जवान निगरानी कर रहे हैं। किसी भी स्थिति में मामला अब न बिगड़े, इसलिए सरकार ने केंद्र से अर्धसैनिक बलों की चार अतिरिक्त कंपनियां मांगी है। फिलहाल उपद्रव वाले क्षेत्र में हालात नियंत्रण में हैं।



मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक

बनभूलपुरा इलाके में हुई हिंसा के बाद हालात भले ही सामान्य हो चुके हो, लेकिन प्रशासन अब इस मामले में कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता है। बनभूलपुरा में तनाव को देखते हुए राज्य सरकार ने केंद्र से अतिरिक्त अर्द्ध सैनिक बलों की मांग की है। रविवार शाम पैरामिलिट्री फोर्स की एक कंपनी हल्द्वानी पहुंच गई , जबकि अन्य चार पैरामिलिट्री फोर्स के देर रात तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती बनभूलपुरा कर्फ्यू क्षेत्र में की जाएगी। बनभूलपुरा में फिलहाल कर्फ्यू लागू है और इंटरनेट सुविधा पूरी तरह से बंद है। बता दें कि राज्य के गृह विभाग ने केंद्र सरकार से चार कंपनी अतिरिक्त बल उपलब्ध कराने की मांग की थी। तीन कंपनी आईटीबीपी और एक कंपनी एसएसबी वर्तमान में हल्द्वानी में तैनात हैं और अब चार कंपनी की अतिरिक्त मांग की गई है। इस बीच गृह विभाग ने प्रशासन को क्षेत्र में अभी कर्फ्यू और इंटरनेट बंद रखने को कहा है, हालांकि यह रोक सिर्फ बनभूलपुरा में ही रहेगी। शेष क्षेत्र में इंटरनेट सेवाएं सुचारु हैं। पुलिस के आला अधिकारियों को भी लगातार क्षेत्र में निगरानी बनाए (शेष पृष्ठ 8 पर)

उपद्रवियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हल्द्वानी बनभूलपुरा मामले में मुख्यमंत्री से मिले कांग्रेस नेता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। उन्होंने हल्द्वानी के बनभूलपुरा मामले में मुख्यमंत्री से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लेकर उपद्रवग्रस्त क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए त्वरित कार्यवाही की। घटना की जांच के लिये आयुक्त कुमाऊं (शेष पृष्ठ 8 पर)

आज से खुलेंगे स्कूल

हल्द्वानी। वनभूलपुरा हिंसा के बाद बंद चल रहे स्कूल सोमवार से खुल जायेंगे। केवल वनभूलपुरा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित होने वाले समस्त प्रकार के विद्यालय बंद रहेंगे। जिला प्रशासन की ओर से रविवार देर शाम जानकारी दी गयी कि सोमवार से कर्फ्यू सिर्फ वनभूलपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहेगा। शेष सभी क्षेत्रों में विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र खुल जाएंगे। हल्द्वानी नगर के सम्पूर्ण क्षेत्र तथा नगर निगम, हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत सम्पूर्ण वनभूलपुरा क्षेत्र, आर्मी कैंट, वर्कशॉप लाइन, तिकोनिया, तीनपानी, गौलापार बाईपास की परिधि के अन्तर्गत कर्फ्यू लगाया गया था। अब कर्फ्यू के क्षेत्र की सीमा को सीमित करते हुए इसे थाना वनभूलपुरा क्षेत्रान्तर्गत कर दिया गया है। अन्य क्षेत्रों में स्कूल खुल जाएंगे।

संक्षिप्त

शीतावकाश के बाद आज खुलेगा हाईकोर्ट

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट करीब एक माह के शीतावकाश के बाद 12 फरवरी सोमवार को खुल रहा है। हाईकोर्ट खुलने पर पहले दिन नई मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी के सम्मान में फुल कोर्ट रिफ्रेंस होगा। हाईकोर्ट के प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल कौशल किशोर शुक्ला की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी के सम्मान में फुल कोर्ट रिफ्रेंस प्रातः 10 बजे मुख्य न्यायाधीश के कोर्ट में होगा।

पुण्यतिथि पर दीन दयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा के कई नेताओं ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उन्होंने भारतीय संस्कृति और विरासत को केंद्र में रखते हुए देश को आगे ले जाने का मार्ग प्रशस्त किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दीनदयाल उपाध्याय के विचारों ने विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत का काम किया है। उपाध्याय जी को उनकी पुण्यतिथि पर देशभर के अपने परिवारजनों की ओर से शत-शत नमन। उन्होंने भारतीय संस्कृति और विरासत को केंद्र में रखकर देश को आगे ले जाने का मार्ग दिखाया, जो विकसित भारत के निर्माण में भी प्रेरणास्रोत बना है।

भाजपा महिला मोर्चा नेता ने की आत्महत्या

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री ने कथित तौर पर कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। सीओ अजय कुमार चौहान ने बताया कि पुलिस को कंसरायपुर निवासी मदन गौतम की पत्नी सविता गौतम (45) अपने घर के पास बनी एक झोपड़ी में अचेतावस्था में मिलीं। उसे एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद परिजन शव को घर लेकर आ गए। सविता गौतम कई साल से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी थीं एवं छोटे-बड़े सभी कार्यक्रमों में काफी सक्रिय भूमिका निभाती रही थी।

हर्ष फायरिंग के दौरान बच्चे की मौत

बांदा। बांदा जिले में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि शनिवार की रात करीब आठ बजे मटौंध कस्बे में सुरेंद्र सिंह नामक व्यक्ति के बेटे का तिलकोत्सव था, उसी दौरान प्रतीक शुक्ला ने देसी पिस्तौल से हर्ष फायरिंग कर दी। उन्होंने बताया कि पिस्तौल की गोली बच्चे शंभू शुक्ला के गले में जा लगी। परिजन बच्चे को इलाज के लिए कानपुर लिए जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। प्रतीक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है, और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अबकी बार 370 पार होगी भाजपा

विपक्ष को भी राजग के 400 से अधिक सीटें जीतने का भरोसा : मोदी

कांग्रेस को चुनाव के समय ही याद आते हैं गांव, गरीब और किसान



झाबुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा, उन्हें विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगी और इतना ही नहीं, संसद में विपक्षी नेता भी कह रहे हैं कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी मध्य प्रदेश में 7,550 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद झाबुआ जिले में आदिवासी समुदाय के सदस्यों की एक जनसभा संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से आगामी चुनाव में भाजपा को लोकसभा की 543 में से 370 सीटें जीताने के लिए पिछले तीन चुनावों में प्रत्येक बूथ पर पार्टी को मिले सबसे अधिक मत की तुलना में 370 अतिरिक्त वोट सुनिश्चित करने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतना ही नहीं संसद में विपक्षी नेता भी अब राजग के लिए अबकी बार 400 पार बात कह रहे हैं। मोदी ने कहा, मुझे यकीन है कि भाजपा का कमल चुनाव चिन्ह निश्चित रूप से अपने दम पर 370 का आंकड़ा पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार करने के लिए झाबुआ नहीं आए हैं, बल्कि हालिया विधानसभा चुनावों में मध्य प्रदेश में मिले जबरदस्त समर्थन के लिए लोगों को धन्यवाद देने के खातिर एक सेवक के रूप में आए हैं। भाजपा ने हाल ही में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। जनसभा को संबोधित करने से पहले शुरू की गई 7,550 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमारी डबल इंजन सरकार मध्य प्रदेश में दोगुनी गति से काम कर रही है। लंबे समय तक गरीबों, किसानों और आदिवासियों की अनदेखी करने को लेकर प्रधानमंत्री ने विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस को केवल चुनाव के समय ही गांव, गरीब और किसान याद आते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो लोगों को लूटने का काम करती है और जब सत्ता से बाहर होती है तो लोगों को लड़वाने का काम करती है। लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन है। उन्होंने कहा, हमने वोट के लिए नहीं, बल्कि आदिवासियों के स्वास्थ्य को लेकर सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ अभियान शुरू किया है।

महेन्द्र भट्ट भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार

देहरादून। राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उत्तराखंड भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को उम्मीदवार बनाया है। यह सीट राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी के जाने के बाद खाली हुई है। रविवार शाम को भाजपा ने इसकी सूची जारी की है। राज्यसभा सीट के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। 15 फरवरी तक राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन होगा। 16 फरवरी को स्क्रूटनी होगी। 20 फरवरी को नाम वापसी का अवसर मिलेगा। 27 फरवरी को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक विधानसभा में मतदान होगा। शाम पांच बजे से मतगणना होगी। महेंद्र भट्ट वर्तमान में उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वह प्रदेश की राजनीति के अलावा कई आंदोलनों में भी सक्रिय रहे हैं। उन्होंने रामजन्मभूमि आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान वे 15 दिन पौड़ी के कांसखेत जेल में रहे। वहीं उत्तराखंड राज्य आंदोलन में पांच दिन पौड़ी जेल में रहे। अब केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया है। माना जा रहा है कि जल्द ही पार्टी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलने वाला है। महेंद्र भट्ट दो बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें संगठन में भी लंबा अनुभव है। इसी को देखते हुए इस बार उन्हें राज्यसभा भेजने की तैयारी है।

कैंटर खाई में गिरा तीन की मौत

राईआगर से गंगोलीहाट जा रहा था वाहन, नौतस घाटी के पास हुआ हादसा

बेरीनाग। शनिवार देर रात्रि एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये।

जानकारी के अनुसार कैंटर संख्या यूके 04 सीए-9348 राईआगर से गंगोलीहाट की ओर जा रहा था कि नौतस घाटी के पास अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया। सूचना मिलते ही बेरीनाग, गंगोलीहाट पुलिस, हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची। पुलिस ने देर रात तक राहत व बचाव कार्य किया, वाहन में तीन लोग सवार थे। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में रमेश पालीवाल (26) पुत्र ईश्वर दत्त निवासी ग्राम पाली गुणादित्य तहसील भनोली अल्मोड़ा, दीपक कुमार (28) पुत्र कुंवर राम निवासी ग्राम पल्यूड़ा सोमेश्वर, अजय कुमार (26) पुत्र लक्ष्मण राम निवासी बाजार वार्ड गंगोलीहाट हैं। पुलिस ने देर रात्रि कड़ी मशक्कत के बाद रमेश और दीपक के शव को सड़क तक पहुंचाया, जबकि एक शव रात में बरामद नहीं हुआ। पुलिस और एसडीआरफ ने रविवार सुबह फिर रेस्क्यू अभियान चलाया। गहरी खाई में झाड़ियों से अजय कुमार का शव मिला। शवों को रेस्क्यू कर बेरीनाग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हैं।

प्रभारी थानाध्यक्ष चंदन सिंह ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। विदित हो कि नौतस घाटी के पास पिछले माह एक बाइक भी दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, जिसमें दो बाइक सवार घायल हुए थे। नौतस घाटी क्षेत्र में सड़क सकरी होने के साथ ही यह पालाग्रस्त क्षेत्र भी है। अजय के परिजनों ने बताया कि अजय का राईआगर से फोन आया था कि हम तीन लोग आ रहे हैं, घर में खाना बनाकर रखना, लेकिन होनी को कुछ और मंजूर था। हादसे में तीनों की मौत हो गई।

पाकिस्तान में आम चुनाव के नतीजों को चुनौती

अदालतों में याचिकाओं की बाढ़

पीटीआई समर्थित कई उम्मीदवारों ने लगाया धांधली का आरोप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की अदालतों में याचिकाओं की बाढ़ आ गई है, क्योंकि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ द्वारा समर्थित कई उम्मीदवारों ने चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के नतीजों को चुनौती दी है। अधिकांश याचिकाएं लाहौर उच्च न्यायालय में दायर की गई, जबकि खान की पार्टी समर्थित दो उम्मीदवारों ने चुनाव परिणामों के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया और कम से कम तीन याचिकाएं सिंध उच्च न्यायालय में दायर की हैं। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित किए, जिसमें खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत दर्ज की है। वहीं तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीटें मिली, जबकि विभाजन के दौरान भारत से आए उर्दू भाषी लोगों की मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान को 17 सीटें हासिल हुई है। बाकी 12 सीटों पर अन्य छोटे दलों ने जीत हासिल की। लाहौर उच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं में पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और उनकी (शेष पृष्ठ 8 पर)

अल नीनो कमजोर पड़ा अच्छी बारिश की उम्मीद

नयी दिल्ली। मौसम विज्ञानियों ने अनुमान जताया है कि 2023 को गर्म मौसम वाला वर्ष बनाने के बाद अल नीनो की दशाएं इस साल जून तक खत्म हो जाएंगी, जिससे इस बार मानसून की अच्छी बारिश होने की उम्मीद बढ़ गई है। कम से कम दो वैश्विक जलवायु एजेंसियों ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि दुनिया भर के मौसम को प्रभावित करने वाला अल नीनो कमजोर होना शुरू हो गया है और अगस्त तक ला नीना की स्थिति बनने की संभावना है। अल नीलो भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के जल के गर्म होने की प्रक्रिया है। घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहे भारत के मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि जून-अगस्त तक ला नीना की स्थिति बनने का मतलब यह हो सकता है कि इस साल मानसून की बारिश पिछले साल की तुलना में बेहतर होगी। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव माधवन राजीवन ने कहा कि जून-जुलाई तक ला नीना की स्थिति बनने की अच्छी संभावना है।

सरकार मातृ शक्ति के उत्थान को समर्पित

- मुख्यमंत्री ने संगज्यू-2024 कार्यक्रम में कई महिलाओं को किया सम्मानित
- समान नागरिक संहिता प्रदेश और महिलाओं के विकास में मील का पत्थर

लोहाघाट। यहां रामलीला मैदान में आयोजित नारी शक्ति को समर्पित संगज्यू-2024 कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने महिलाओं का सम्मान किया। उन्होंने पांच महिलाओं अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, ब्लाक प्रमुख रेखा देवी, नेहा ढेक, विनीता फर्त्याल व सुमनलता को सम्मानित किया। इस अवसर पर चार सहकारी समितियों के सचिव हरीश चंद्र की बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति लिमिटेड चंपावत, निर्मल चंद्र भट्ट की धरमघर समिति, डिकर चंद की बाराकोट समिति व श्याम सिंह बिष्ट की रोलमेल समिति को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के लाइसेंस वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मातृ शक्ति के उत्थान को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार लगातार महिलाओं के कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में यूसीसी (समान नागरिक संहिता) विधेयक पारित कर जनता से किया गया वादा पूरा किया है। उन्होंने समान नागरिक संहिता को प्रदेश एवं महिलाओं के विकास में मील का पत्थर बताया। समान नागरिक संहिता किसी जाति, धर्म समुदाय के लिए न होकर पूरे राज्यवासियों के हितों के लिए है। मात्र शक्ति को आगे लाने का सपना पीएम का है, आज हमारी माताएं-बहनें आगे बढ़ रही हैं, नए भारत की तस्वीर बनाने में महिलाएं सबसे आगे खड़ी हैं और नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह स्वामी विवेकानंद की धरती है, वह कहते थे कि महिला एवं पुरुष में कोई लिंग भेद नहीं है। उन्हीं से प्रेरणा लेकर प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून लाए हैं। हमें आदर्श समाज का निर्माण करना है। चंद्रमा पर पहुंचने से लेकर विभिन्न खेलों में मातृ शक्ति अपना प्रतिनिधित्व कर रही है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए अनेक कार्य किए हैं। प्रदेश में 1.82 लाख महिलाओं को निःशुक रसोई गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने राम मंदिर का ऐतिहासिक निर्माण कराया है। कश्मीर से धारा 370 हटाकर कश्मीर को पूर्ण रूप से भारत का हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा कि इस देव भूमि की आबोहवा खराब नहीं होने देंगे। जो भी देव भूमि की छवि खराब करने का प्रयास करेगा, उससे सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि जो भी सरकारी कार्य में बाधा डालेगा उससे सख्ती से निपटा जाएगा। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत जिले को आदर्श जिला बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। यहां के विकास का मॉडल (शेष पृष्ठ 8 पर)

किसानों के प्रदर्शन से पहले दिल्ली में निषेधाज्ञा लागू

पंजाब-हरियाणा सीमा सील, बड़ी संख्या में लोगों के एकत्रित होने पर पाबंदी

हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में किसानों के दिल्ली कूच करने की संभावना

नयी दिल्ली/चंडीगढ़। किसानों के 13 फरवरी को दिल्ली चलो मार्च के मद्देनजर रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पूर्वी जिले में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा आदेश लागू किया गया, जिसके तहत बड़ी संख्या में लोगों के एकत्रित होने पर पाबंदी है। लगभग 200 किसान संघ द्वारा आयोजित दिल्ली चलो मार्च के तहत उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से बड़ी संख्या में किसानों के मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर कूच करने की संभावना है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तरपूर्व) जॉय टिर्की द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार हमने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (निषेधाज्ञा आदेश) लगायी है। सूचना मिली है कि कुछ किसान संगठनों ने अपने समर्थकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने की अपनी मांगों को लेकर 13 फरवरी को दिल्ली में एकत्रित होने/कूच करने का आह्वान किया है। किसी को भी कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि किसानों के अपनी मांग पूरी होने तक दिल्ली की सीमाओं पर धरना देने की आशंका है। इसमें कहा गया है, पहले के विरोध प्रदर्शन के दौरान किसानों ने जिस तरह का व्यवहार और अड़ियल रुख दिखाया था, उसे ध्यान में रखते हुए, किसानों/समर्थकों के अपने-अपने जिलों से ट्रैक्टर ट्रॉली, हथियारों के साथ दिल्ली की ओर कूच करने की संभावना है। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और अन्य संभावित क्षेत्र से भी किसान आएंगे। आदेश के अनुसार, इलाके में जान और माल के नुकसान, किसी भी अप्रिय घटना से बचने और कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, आदेश दिया जाता है कि उत्तरपूर्वी जिला पुलिस प्रदर्शनकारियों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करे। आदेश दिया जाता है कि किसी भी व्यक्ति या प्रदर्शनकारी को आग्नेयास्त्र, तलवार, त्रिशूल, भाला, लाठी, रॉड समेत अन्य हथियार लाने की अनुमति न दी जाए तथा पुलिस इन लोगों को मौके पर ही हिरासत में लेने का हरसंभव प्रयास करे। किसानों (शेष पृष्ठ 8 पर)

प्रत्यक्ष कर संग्रह 80 प्रतिशत पर पहुंचा

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 15.60 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह राशि 2023-24 के संशोधित अनुमानों का 80 प्रतिशत है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने बयान में कहा, प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़ों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। ऐसे में 10 फरवरी, 2024 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह से पता चलता है कि सकल संग्रह 18.38 लाख करोड़ रुपये है। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.30 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में 10 फरवरी तक रिफंड को हटाकर प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.60 लाख करोड़ रुपये है, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 20.25 प्रतिशत अधिक है। यह संग्रह 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों के कुल संशोधित अनुमान का 80.23 प्रतिशत है। बयान में कहा गया कि एक अप्रैल, 2023 से 10 फरवरी, 2024 के दौरान 2.77 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है। इस दौरान कॉरपोरेट आयकर और व्यक्तिगत आयकर के सकल राजस्व संग्रह में भी लगातार वृद्धि देखी गई।